हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025

11 माजरा गांव के निवासी खरीद कर पानी पीने को मजबूर



12 बहादुरगढ़ में शहीद स्मारकों के सौंदर्यीकरण की तैयारी शुरू



## खबर संक्षेप

### लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक कल

**झज्जर।** सीटीएम नमिता कुमारी ने बताया कि जिले में नागरिकों की शिकायतों के शीघ्र एवं स्थायी निपटान के उद्देश्य से गठित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक बुधवार को लघु सचिवालय के संवाद भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक दोपहर दो बजे शुरू होगी, जिसकी अध्यक्षता हरियाणा सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें ताकि प्रत्येक प्रकरण पर आवश्यक विचार-विमर्श कर त्वरित कार्रवाई की जा सके।

### बिजली कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**झज्जर।** उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निवारण के उद्देश्य से मंगलवार को बिजली उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक यूएचबीवीएन के अधीक्षण अभियंता की अध्यक्षता में समय सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में यूएचबीवीएन झज्जर के कार्यालय में क्षेत्र के उपभोक्ताओं की विभिन्न बिजली एवं बिजली बिल संबंधी शिकायतें सुनी जाएंगी और समस्याओं का निवारण मौके पर ही अथवा शीघ्र किया जाएगा। यदि किसी उपभोक्ता को कार्यकारी अभियंता या उपमंडल अभियंता के निर्णय से संतुष्टि नहीं है तो वे अपनी शिकायत चेयरमैन, अधीक्षण अभियंता, झज्जर के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

### पावर ग्रिड लाइन निर्माण में बाधा डालने पर प्रशासन सख्त

**झज्जर।** जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए झज्जर व बहादुरगढ़ क्षेत्र में पावर ग्रिड खेतड़ी–नरेला 765 केवी हाईटेंशन लाइन निर्माण स्थल के आसपास पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने, हथियार, लाठी, तलवार, चाकू, कुल्हाड़ी, ज्वलनशील पदार्थ आदि लेकर घूमने तथा किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। जारी आदेशानुसार बिजली लाइन निर्माण कार्य के दौरान कुछ असामाजिक तत्व नारेबाजी व झगड़े के माध्यम से कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, जिससे सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचने की संभावना बनी रहती है।

### फांसी लगाने से प्रवासी युवक की मौत

**बहादुरगढ़।** उत्तर प्रदेश मूल के एक युवक की जाखोदा में फांसी लगाने से मौत हो गई। मानसिक तनाव के चलते आत्महत्या करने की बात सामने आई है। मृतक की पहचान सूरज के रूप में हुई है। सूरज पिछले कुछ समय से यहां जाखोदा में रह रहा था। सेक्टर 17 में एक कंपनी में काम करता था।

---

बहादुरगढ़ शहर में पर्यावरण प्रदूषण बढ़ने के कारण अधिकारी चेते, कूड़ा जलाने वालों पर सख्ती

# खुले में जल रहा औद्योगिक कचरा, संयुक्त टीम ने छोटूराम नगर में छापा मारकर चेताया

**387** पहुंचा जिले में वायु गुणवत्ता सूचकांक, नहीं सुधर रहे हालात

- एमई जोगेंद्र सिंधु ने पीड़ित लोगों को कहा, यदि कोई कचरा डालने या जलाने आता है तो उसकी सूचना तुरंत दें, होगी कार्रवाई

एनसीआर में ग्रैप-2 की पाबंदियां लागू हैं। सड़कों पर पानी का छिड़काव और धूल नियंत्रित करने के लिए एंटी स्मॉग गन के उपयोग का कर रहे दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

क्षेत्र में प्रदूषण की वजह से वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार खराब रहने पर अधिकारी सचेत हो रहे हैं। इसी प्रयास में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर परिषद की टीमों ने सोमवार को छोटूराम नगर का दौरा किया।

दरअसल, यहां दो एकड़ जमीन से मिट्टी उठाई गई है। इस कारण बड़ा गड्ढा बना हुआ है, जिसमें औद्योगिक इकाइयों का कचरा डाला जा रहा है। जानकारी में आया है कि कचरे को आग के हवाले कर दिया जाता है। इस वजह से बीते कई दिनों से यहां धुआं उठ रहा है। इस वजह से जहां पर्यावरण प्रदूषण हो रहा है वहीं, आसपास के लोग भी परेशान हैं। मामला संज्ञान में आने के बाद संयुक्त टीम ने दौरा कर हालातों का जायजा लिया। भू मालिक को सख्त हिदायत दी और आसपास रहने वाले लोगों से भी सहयोग की अपील की। नगर परिषद के एमई जोगेंद्र सिंधु का कहना है कि यदि कोई कचरा डालने या जलाने आता है तो उसकी सूचना तुरंत दें ताकि उपयुक्त कार्रवाई हो सके। उन्होंने कहा कि मामले में यह जांच कराई जाएगी कि किसके कहने पर यहां कचरा डाला जा रहा है। उस आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



बहादुरगढ़। छोटूराम नगर में दौरा करने पहुंचे अधिकारी। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। कचरे में सुलगी आग को बुझाता दमकल कर्मी। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। एक महिला के नेत्रों की जांच करतीं डॉ. माल्विका।

### लगातार बिगड़ रही इलाके की हवा

**बहादुरगढ़।** इलाके की आबोहवा लगातार बिगड़ती जा रही है। प्रदूषण कम होने का नाम नहीं ले रहा और दिनों दिन एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। सोमवार की शाम चार बजे इलाके का एक्यूआई 387 दर्ज किया गया। बढ़ते प्रदूषण के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। दरअसल, दीपावली की रात हुई आतिशबाजी के बाद से प्रदूषण की स्थिति एनसीआर में लगातार गंभीर बनी हुई है। इसी के चलते एनसीआर में ग्रैप-2 की पाबंदियां प्रभावी हैं। ग्रैप-2 के चलते सड़कों पर पानी का छिड़काव और धूल नियंत्रित करने के लिए एंटी स्मॉग गन का उपयोग किया जा रहा है। वहीं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से प्रदूषण का कारण बनने वाली कई इकाइयां भी बंद कराई गई हैं। सड़क पर धूल व जल रहा कूड़ा बड़ी वजह है।

### प्रदूषण से बढ़े गले व आंखों के मरीज

**बहादुरगढ़।** लगातार बढ़ रहा प्रदूषण लोगों की सेहत पर बुरा असर डाल रहा है। आंखों और गले के रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। आंखों में जलन, गले में खराश, जुकाम व सांस आदि की तकलीफ के साथ लोग अस्पताल में पहुंच रहे हैं। अकेले नागरिक अस्पताल में ही इस तरह के मरीजों के आंकड़ों में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जा रही है। नागरिक अस्पताल की नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ. माल्विका ने बताया कि आमतौर पर इस मौसम में आंखों के मरीज कम हो जाते हैं लेकिन बीते कुछ वर्षों से दीपावली व उसके आसपास प्रदूषण के कारण मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। प्रदूषण के कारण आंखों में जलन होती है। बहुत से लोगों की आंखों में पानी आने लगता है।

---

## जिले के 105 गांव, 10 वार्ड और 6 कॉलोनी नशा मुक्त घोषित



- उपमंडल स्तर पर नशा मुक्ति अभियान को तेज करने के उपायुक्त रविंद्र पाटिल ने दिए आदेश

**झज्जर।** जिले को नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर सोमवार को लघु सचिवालय में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में जिलास्तरीय नार्को समन्वय समिति की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसीपी जसलीन कौर भी मौजूद रही व सभी एसडीएम भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

डीसी ने कहा कि जिला के 105 गांवों,10 वार्ड और 6 कालोनियों को नशा मुक्त घोषित किया जा चुका है। सभी गांवों को नशा मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर आपसी समन्वय से कार्य करना होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर उपमंडल स्तर पर नशा मुक्ति अभियान को तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि गांव और वार्ड स्तर पर पहले से गठित टीमों को एक्टिव मोड में लाया जाए और एसडीएम इन टीमों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि समाज से नशे की बुराई को जड़ से खत्म करना है। इसके लिए जो भी कदम उठाने पड़े, उसे प्राथमिकता के साथ पूरा करें। उन्होंने समाजसेवी संगठनों का भी आह्वान किया कि वे भी इस अभियान से जुड़कर नशे को जिले से खत्म करने में भागीदारी करें।

---

सब्जियों पर जेसीबी चलाने का विवाद

# वीडियो वायरल होने पर एसीपी पर गिरी गाज

- एसीपी दिनेश से बहादुरगढ़ ट्रैफिक और आसौदा थाने का चार्ज वापस लेते हुए सीपी कार्यालय अटैच किया, प्रदीप नैन को दायित्व सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गरीब दुकानदारों की सब्जियों पर जेसीबी चलाने का वीडियो वायरल होने पर पुलिस प्रशासन ने कड़ा संज्ञान लिया है। मामले में एसीपी दिनेश कुमार से ट्रैफिक बहादुरगढ़ और आसौदा थाने का चार्ज वापस ले लिया गया है। साथ ही उन्हें झज्जर पुलिस कमिश्नर कार्यालय में अटैच किया गया है। उनकी जगह एसीपी प्रदीप नैन को दायित्व सौंपा गया है। घटनाक्रम की वीडियो स्वयं एसीपी दिनेश ने अपलोड की थी, यह वायरल होने के बाद पुलिस की आलोचना होने पर अधिकारियों ने यह कदम उठाया है। पुलिस प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी दी।



एसीपी दिनेश।

जानकारी के अनुसार पटेल नगर में शुक्र बाजार लगता है। सड़क किनारे फुटपाथ पर सब्जियों की दुकानें लग जाती हैं। खराब मार्ग व फुटपाथ पर बाजार लगने से वहां अक्सर अव्यवस्था बन जाती है। एसीपी दिनेश सांगवान के नेतृत्व में पुलिस टीम पटेल नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। इस दौरान सड़क किनारे फुटपाथ पर सब्जी बेच रहे फुटकर विक्रेताओं पर कार्रवाई की गई। सब्जियों पर जेसीबी मशीन चला दी गई। इसी घटनाक्रम का वीडियो खुद एसीपी दिनेश ने अपने फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट पर सांझा किया था। वीडियो देखते ही देखते वायरल हो गया और असंख्य अकाउंट्स पर अपलोड हो गया। इसके बाद कार्रवाई करते हुए एसीपी दिनेश कुमार से ट्रैफिक बहादुरगढ़ और आसौदा थाने का चार्ज वापस ले लिया गया है।

**सफाई देनी पड़ी**

सोशल मीडिया पर लोगों ने इस कार्यशैली की तीखी आलोचना शुरू कर दी। बहुत से लोगों ने पुलिस के इस कदम को गरीबों के साथ नाइंसाफी करार दिया। वीडियो वायरल होने के बाद मामला इतना बढ़ा कि बहादुरगढ़ के डीसीपी मयंक मिश्रा को भी सफाई देनी पड़ी। उन्होंने भी अतिक्रमण हटाने के तरीके को जायज नहीं ठहराया। वहीं, डीजीपी हरियाणा ने भी इस पूरे घटनाक्रम पर संज्ञान लेते हुए झज्जर के वरिष्ठ अधिकारियों से बात करने के उपरांत ट्वीट किया।

---

## जय छठ मैया...



बहादुरगढ़। छठ पर्व पर जल में खड़े होकर भगवान सूर्य की आराधना करती महिलाएं। - खबर पेज 12 पर

---

# भट्टी गेट में बंदरों का उत्पात तार तोड़ने से बिजली गुल

- वोल्टेज कम होने से एक घर के बिजली उपकरण भी हुए खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

भट्टी गेट क्षेत्र में सोमवार सुबह बंदरों के उत्पात से बिजली व्यवस्था चरमरा गई। बंदरों की टोली ने बिजली के तार तोड़ डाले, जिससे करीब दो घंटे तक क्षेत्र में सप्लाई ठप रही। इस दौरान कई घरों में बिजली मंद होने से उपकरण खराब हो गए।

मोहल्लावासी कृष्ण, हरीश, राजेश व राजू आदि ने बताया कि सुबह करीब आठ बजे अचानक बंदरों का झुंड छतों पर पहुंच गया और उछल-कूद करते हुए बिजली पोल पर झूल गया। इसी दौरान एक तार टूट गया। क्षेत्र में बिजली की वोल्टेज भी घट गई। मंद रोशनी के चलते कई घरों के उपकरणों में खराबी आ गई। मोहल्लावासियों ने तुरंत बिजली शिकायत केंद्र पर सूचना दी, जिसके बाद निगम कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर तारों को जोड़ा और सप्लाई को बहाल किया। पूर्व फ्लाइंग ऑफिसर भंवर चौहान ने बताया कि उनके घर में बिजली की वोल्टेज डाउन होने के कारण दो रेफ्रिजरेटर, एक आरओ मशीन और चार्जर खराब हो गए। मोहल्लावासियों का कहना है कि आजकल क्षेत्र में बंदरों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

---

ठगों ने खुद को ट्राई और मुंबई साइबर क्राइम का अधिकारी बता झांसे में लिया

# सिंचाई विभाग के कर्मचारी को डिजिटल अरेस्ट कर डेढ़ लाख ठगे

*साइबर ठगों ने पुलिस कर्मचारी बनकर डराया कि आपके खाते में सदाकत अली गैंग से 35 लाख रुपये आए हैं, जिसके चलते आपके खिलाफ केस दर्ज हुआ, दहशत में कर्मचारी ने दे दिए रुपये*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

साइबर ठग डिजिटल अरेस्ट का हथकंडा अपनाकर लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। बहादुरगढ़ में एक व्यक्ति के साथ ऐसी ही वारदात हुई। साइबर ठगों ने खुद को ट्राई और मुंबई साइबर क्राइम का अधिकारी बताकर झांसे में लिया और दबाव बनाकर डेढ़ लाख रुपये ठग लिए गए।

वारदात सेक्टर-9 के एक व्यक्ति के साथ हुई है। पीड़ित सिंचाई विभाग में कार्यरत है। पीड़ित के अनुसार, 18 सितंबर को उसके पास एक कॉल आई। कॉलर ने कहा कि वह ट्राई से बोल रहा है और कॉल को व्हाट्सएप पर ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद कॉल पर खुद को मुंबई साइबर क्राइम का अधिकारी बताने वाले अजय कुमार ने कहा कि आपके खाते में सदाकत अली गैंग से 35 लाख रुपये आए हैं, जिसके चलते आपके खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

ठग ने कहा कि अब आपकी बात डीसीपी से कराई जाएगी और आपके बयान कोर्ट में भेजे जाएंगे। अगले दिन यानी 19 सितंबर को पीड़ित के पास फिर व्हाट्सएप कॉल आई, जिसमें कथित डीसीपी ने कहा कि अगर केस हल्का करवाना है तो पांच लाख रुपये देने होंगे, नहीं तो उसे व परिवार को जान का खतरा हो सकता है। डरे-सहमे पीड़ित ने बताया कि उसके खाते में सिर्फ एक लाख 54 हजार रुपये थे। ठगों ने दबाव डालकर बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एक खाते में डेढ़ लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। ठगों ने भरोसा दिलाया कि जांच पूरी होने पर पैसा वापस मिल जाएगा लेकिन कुछ समय बाद जब पीड़ित ने दोबारा अजय कुमार नाम के व्यक्ति को कॉल की तो नंबर बंद मिला। इसके बाद उसे ठगी का एहसास हुआ और उसने तुरंत पुलिस को शिकायत दी। फिलहाल साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल पर डिजिटल अरेस्ट या केस दर्ज होने जैसी धमकी पर भरोसा न करें। न किसी लिंक पर क्लिक करें, न किसी खाते में पैसे ट्रांसफर करें। असली सरकारी अधिकारी कभी इस तरह फोन पर पैसे नहीं मांगते।

---

19 नवंबर से शुरू होनी हैं परीक्षाएं, नए विद्यार्थियों का कैसे पूरा होगा सिलेबस

# पांच बार पोर्टल खोलने के बाद भी कॉलेज में सीटें खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विभिन्न कॉलेजों की सभी स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में दाखिले की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर थी। प्रवेश प्रक्रिया पांच महीने चली और पांच बार एडमिशन पोर्टल खोलने के बाद भी सीटें खाली रह गईं। पढ़ाई ऑनलाइन एडमिशन के जाल में उलझकर रह गई। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक की अधिसूचना के अनुसार परीक्षाएं 19 नवंबर से शुरू होनी हैं। इस बीच दो राजपत्रित अवकाश और तीन रविवार की छुट्टियां पड़ रही हैं। ऐसे में जिन विद्यार्थियों ने अब दाखिला लिया है, वे महज दो हफ्तों में पूरा सिलेबस कैसे कवर कर पाएंगें। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद स्नातक कक्षाओं के पहले सेमेस्टर में विद्यार्थियों को तीन मेजर कोर्स, एक माइनर कोर्स, एक स्किल एनहांसमेट कोर्स, एक मल्टी डिसिप्लिनरी कोर्स, एक एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स और एक वैल्यू एडेड कोर्स यानि कुल आठ पेपर पढ़ने होते हैं।

**इतनी सीटें रह गईं खाली**

उच्चतर शिक्षा विभाग का एडमिशन पोर्टल पहली बार 19 मई को खोला गया और स्नातक कक्षाओं में दाखिले की अंतिम तिथि 09 जून रखी गई, जिसे बाद में बढ़ाकर 16 जून कर दिया गया। इसके बाद 10 जुलाई को दोबारा पोर्टल खोला गया और 24 जुलाई तक दाखिले हुए। फिर 04 अगस्त से 28 अगस्त तक तीसरी बार और 16 सितंबर से 30 सितंबर तक चौथी बार और अब 21 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक पांचवीं बार पोर्टल खोला गया। उधर, स्नातकोत्तर कक्षाओं का एडमिशन पोर्टल पहली बार 16 जुलाई को खुला और आवेदन 28 जुलाई तक हुए। इसके बाद 06 अगस्त से 19 अगस्त तक दूसरी बार, 27 अगस्त से 12 सितंबर तक तीसरी बार, 19 सितम्बर से 30 सितंबर तक चौथी बार तथा अब 21 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक पांचवीं बार पोर्टल खोला गया है। नेहरू कॉलेज में 1570 सीटों में से 701 सीटें खाली: नेहरू कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि 1570 सीटों से से 869 भरी जा चुकी हैं और 701 खाली हैं। इनमें स्नातक कक्षाओं की 1200 सीटों से से 668 भरी हैं और 532 खाली हैं जबकि स्नातकोत्तर कक्षाओं की 370 सीटों में से 201 भरी गई हैं और 169 खाली हैं। बीए की 480 में से 381, बीबीए की 80 में से 65, बीकॉम की 140 में से 41, बीसीए की 80 में से 69, बीएससी लाइफ साइंस की 80 में से 61, बीएससी फिजिकल साइंस की 300 में से 28 और बीएससी गणित की 40 में से 23 सीटें भरी जा चुकी हैं। इस तरह बीए की 99, बीबीए की 15, बीकॉम की 99, बीसीए की 11, बीएससी लाइफ साइंस की 19, बीएससी फिजिकल साइंस की 272 और बीएससी गणित की 17 सीटें खाली हैं। एमए हिंदी की 30 सीटों में सभी, एमए अंग्रेजी की 30 में से 29, एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार की 30 में से 21 एमए मनोविज्ञान की 40 में से 21, एमए भूगोल की 40 में से 25, एमएससी गणित की 40 में से 28, एमएससी कंप्यूटर विज्ञान की 40 में से 16 और एमकॉम की 120 में से 31 सीटें भरी जा चुकी हैं। इस प्रकार एमए अंग्रेजी की 01, एमए भूगोल की 15, एमए जनसंचार एवं पत्रकारिता की 09, एमए मनोविज्ञान की 19, एमकॉम की 89, एमएससी कंप्यूटर विज्ञान की 24 और एमएससी गणित की 12 सीटें खाली हैं।



डॉक्टर अमित भारद्वाज मीडिया प्रभारी।

---

# फेडरेशन कप में मुक्केबाज एकता का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के कुंजैया गांव निवासी मुक्केबाज एकता का चयन फेडरेशन कप के लिए हुआ है। अब वह उत्तराखंड में 29 अक्टूबर से शुरू होने वाले फेडरेशन कप में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएगी। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में एकता 70 किलो भार वर्ग में प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। उसके पिता रिंकू हरियाणा पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। इस सफलता पर बॉक्सिंग खेल प्रेमियों ने उम्मीद जताई कि एकता फेडरेशन कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के लिए पदक जीतेगी।



खिलाड़ी एकता।



# रिश्ते में पहचानें यलो फ्लैग्स बॉन्डिंग बनाएं बेहतर

आजकल रिश्तों को लंबे समय तक बनाए रखना आसान नहीं है। यह बात मैरीड लाइफ में और ज्यादा मायने रखती है। रिश्ते बेहतर रहें, इसके लिए दोनों तरफ से एफर्ट करना जरूरी है। दोनों में कोई एक भी रिश्ते को लेकर लापरवाह है, तो समस्याएं जन्म लेंगी, मतभेद होंगे, हम तनाव से घिरेंगे। इस तरह की बातें या प्रॉब्लम्स 'यलो फ्लैग्स' कहलाती हैं। इस तरह की सिचुएशन न आए, रिश्ते खुशगवार रहें, एक्सपर्ट की जरूरी सलाह।

कवर स्टोरी
गीता सिंह

इस नए दौर में रिश्ते तो बहुत आसानी से कायम हो जाते हैं, लेकिन उनको लंबे समय तक प्रेमपूर्वक बनाए रखना बहुत मुश्किल हो जाता है। रिश्ते में दो लोगों का आपस में बंधे रहना ही काफी नहीं होता है, दोनों किस तरह से अपने रिश्ते में बने हुए हैं, यह बात भी बहुत मायने रखती है। यदि हम किसी के साथ दोस्ती या प्रेम के रिश्ते में हैं, विशेष रूप से पति-पत्नी हैं तो हमें समय-समय पर रिश्ते में दिखने वाले 'यलो फ्लैग्स' यानी बनती दूरियां, मतभेद और खत्म होती बॉन्डिंग को समझना चाहिए, समझना ही नहीं चाहिए, समय रहते इसे संभालना भी चाहिए, संबंधों में आए मनमुटाव को खत्म करना चाहिए। रिश्ते में हम अकसर रेड फ्लैग्स की बात करते हैं, लेकिन यलो फ्लैग्स भी इंपॉर्टेंट हैं, ये सावधान करते हैं, उन समस्याओं या चिंताओं की ओर इशारा करते हैं, जिस पर ध्यान देने की जरूरत होती है, ताकि रिश्ते को सही दिशा में ले जाया जा सके। यहां कुछ 'यलो फ्लैग्स' दिए जा रहे हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। आइए जानते हैं, ऐसे ही कुछ यलो फ्लैग्स और इन्हें दूर करने के उपायों के बारे में।

## रिश्ते में बैलेंस न होना

किसी भी रिश्ते में दोनों पक्षों का योगदान समान होना चाहिए। यदि आप महसूस करती हैं कि आपके रिश्ते में एक पक्ष अधिक प्रयास कर रहा, दूसरा पक्ष कम, तो यह रिश्ते में बैलेंस न होने के संकेत हैं। यह एक यलो फ्लैग है, जो दिखाता है कि केवल एक ही पक्ष रिश्ते को लेकर गंभीर है, दूसरा पक्ष रिश्ते को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

## अपमानजनक व्यवहार

एक प्रेम भरे सफल रिश्ते के लिए जरूरी है, दोनों साथी एक-दूसरे का सम्मान करें। यदि आप एक ऐसे रिश्ते में हैं, जहां आपका साथी लगातार आपसे अपमानजनक व्यवहार करता है, जैसे कि वह आपको नीचा दिखाता है या आपकी भावनाओं की अनदेखी करता है, तो निश्चित ही ये आपके रिश्ते में एक यलो फ्लैग है।

## संवाद में कमी व समय न देना

संवाद किसी भी स्वस्थ रिश्ते की नींव होता है। यदि आपका साथी, आपके साथ खुलकर बात नहीं करता या आपकी बातें अनसुनी कर देता है। साथ ही आपका साथी लगातार व्यस्त रहता है, आपको समय नहीं दे पाता, यह इस बात का संकेत है कि आप उसकी प्राथमिकता सूची में नीचे हैं। इस तरह की बातें आपके रिश्ते के लिए यलो फ्लैग्स हैं। भविष्य में बड़ी समस्याओं का संकेत हैं।



## अकेले योजनाएं बनाना और निर्णय लेना

रिश्ता एक साझा जिम्मेदारी है, जिसका ध्यान दोनों साथियों को रखना होता है। किसी भी साथी को अकेले प्लानिंग या फैसले नहीं लेने चाहिए, खासकर अगर इसमें आप दोनों की भलाई और जिंदगी शामिल हो। ऐसे मसलों पर आपके साथी को आपसे सलाह-मशविरा करना चाहिए। यदि वह ऐसा नहीं करता है तो निश्चित ही आपके रिश्ते के लिए एक बड़ा वाला यलो फ्लैग है।



### विश्वास की कमी

रिश्ते में विश्वास एक महत्वपूर्ण तत्व है। अगर आपका साथी छोटी-छोटी बातों पर भी आप पर शक करता है या आप उस पर पूरी तरह से भरोसा नहीं कर पाती हैं या फिर आपकी गतिविधियों पर जरूरत से ज्यादा नजर रखता है, आपकी पसंद पर हुक्म चलाता है। आपको दोस्तों और परिवार से अलग-थलग करने का प्रयास करता है, तो यह एक यलो फ्लैग है। इसके चलते रिश्ते में स्ट्रेस और अन्य समस्याएं बढ़ सकती हैं। अपनी स्वतंत्रता बनाए रखना और नियंत्रण संबंधी समस्याओं का समाधान करना एक स्वस्थ रिश्ते के लिए बेहद जरूरी होता है।

## भावनात्मक अनुपलब्धता

रिश्तों में भावनात्मक जुड़ाव और सहयोग बेहद जरूरी है। अगर आपका साथी लगातार भावनात्मक अंतरंगता से बचता है, अलग-थलग सा लगता है, या भावनात्मक सहयोग देने में नाकाम रहता है, तो आपके रिश्ते में यह एक यलो फ्लैग यानी खतरे की घंटी है।

**छोटी-छोटी बातों पर बहस करना:** यदि आप और आपका साथी अकसर छोटी-छोटी बातों पर बहस करते हैं, अपनी ही बातों को सही ठहराने के लिए गुस्सा करते हैं या बात करना बंद कर देते हैं। यह एक यलो फ्लैग है, जो बताता है कि भविष्य में बड़े मुद्दों पर भी बहस हो सकती है।

## रिश्ते में यलो फ्लैग्स से कैसे डील करें

जब आप रिश्तों के बीच यलो फ्लैग्स के संकेतों को पहचान जाएं तो इन यलो फ्लैग्स पर ध्यान देकर और उन पर खुलकर बातचीत करके, अपने रिश्ते को मजबूत और स्वस्थ बनाएं। रिश्ते को पहले से कहीं अधिक बेहतर बनाएं और भविष्य में आने वाली समस्याओं से बचें। इसके साथ ही कुछ और बातों को अमल में लाकर आप रिश्ते के इन यलो फ्लैग्स को ग्रीन फ्लैग में बदल सकते हैं।

- सबसे पहले अपने साथी के साथ उन मुद्दों पर खुलकर बात करें, जो समस्या का कारण हैं। साथ ही ध्यान दें कि क्या आप दोनों मिलकर अपनी समस्याओं को हल करने में कामयाब हैं।
- यदि आप खुद से इन मुद्दों को हल नहीं कर पा रहे हैं, तो किसी रिलेशनशिप काउंसलर या थेरेपिस्ट से मदद लेने पर विचार करें।
- यदि फिर भी यलो फ्लैग बने रहते हैं और आपको लगता है कि वे रिश्ते को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहे हैं, तो आपको यह निर्णय लेना होगा कि क्या आप इस रिश्ते को जारी रखना चाहते हैं या नहीं।

याद रखें, हर रिश्ता खास होता है। सभी का किसी भी परेशानी से निपटने का तरीका भी अलग-अलग होता है। अपने विवेक पर भरोसा रखें, अपने अंतर्मन की सुनें, अपने को प्राथमिकता दें, और जरूरत पड़ने पर कड़ा फैसले लेने को भी तैयार रहें। ❁

**(रिलेशनशिप काउंसलर सलोनी चौधरी से बातचीत पर आधारित)**

# त्योहारों के बाद उदासी क्यों इससे कैसे उबरें

त्योहारों के हर्षोल्लास और व्यस्तता के बाद जब सब कुछ संपन्न हो जाता है, तो कुछ महिलाओं के मन में उदासी और सुस्ती का भाव देखा जाता है। इसे पोस्ट फेस्टिवल ब्लूज कहते हैं। आखिर ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे उबरें, जानें।

सलाह
शिखर चंद जैन

जब त्योहार आते हैं, हम उत्साह-उमंग से भर उठते हैं। त्योहार के आगमन से काफी समय पहले से ही हमारा सारा ध्यान उसकी तैयारी में लग जाता है। हम बहुत खुशी के साथ शॉपिंग करते हैं, अपने लिए नई ड्रेसेस लाते या बनवाते हैं। घर की साफ-सफाई, साज-सज्जा करते हैं। मिठाइयां-पकवान बनाते हैं। रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलते-जुलते हैं। लेकिन त्योहार के बाद हमारी दिनचर्या में एक रिक्तता आ जाती है। मन उदासी से घिर उठता है। यह एक प्रकार का इमोशनल बर्नआउट है।

## उदासी के कारण

कुछ महिलाएं त्योहारों के अवसर पर बंदनवार, आसन, रेडीमेड रंगोली, कंदील, सजावटी दीये, गिफ्ट रैपिंग, गिफ्ट हैंपर बनाने, पूजन सामग्री बेचने, ड्रेस डिजाइनिंग, ब्यूटी पार्लर के कामों से पैसे अर्न करती हैं। त्योहार बाद उनके मन में एक डर आता है कि अब कमाई का जरिया कमजोर पड़ जाएगा। जो पुरुष कारोबारी हैं, त्योहारों से संबंधित सामान बेचते हैं, उन्हें भी चिंता सताती है कि अब कारोबार मंदा हो जाएगा। इस चिंता का असर घर की महिलाओं पर भी पड़ता है।


## हैप्पी-हार्मोन का स्तर घटना

त्योहार के बाद मन में उदासी का बड़ा कारण यह भी होता है कि लोगों को लगता है कि अब उमंग-उत्साह का माहौल समाप्त हो गयौ। इस तरह त्योहारों के दौरान महसूस होने वाला हर्षोल्लास और 'हैप्पी-हार्मोन' जैसे डोपामाइन और सेरोटोनिन का स्तर अचानक कम हो जाता है, इस कारण निराशा महसूस होती है।



## उदासी के लक्षण

किसी त्योहार के बाद उदासी के लक्षण हमें इस रूप में दिखाई देते हैं, जैसे भावनात्मक और शारीरिक थकान, उत्साह के लुप्त हो जाने पर खालीपन की भावना और उदासी। दिनचर्या में वापस लौटने की चिंता, भीतर की एनर्जी में गिरावट के कारण निराशा या बेचैनी, नींद न आना या अधिक नींद आना।



## उदासी दूर करने के लिए क्या करें

उदासी दूर करने के लिए यहां बताए जा रहे कुछ साधारण लेकिन प्रभावी उपाय अपनाएं।

**ध्यान और जागरुकता:** माइंडफुलनेस मेडिटेशन करें। ऐसे अभ्यास आपको वर्तमान में बने रहने और अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने में सहायक रहेंगे। अपने मन को शांत रखने से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार आएगा।

**जीवनशैली में परिवर्तन:** त्योहारों के बाद अपनी जीवनशैली को स्पीड मोड से बदल कर स्लो मोड में लाएं। पुरानी दिनचर्या, नियमित शारीरिक गतिविधि, संतुलित आहार और उचित नींद आपके मूड और आंतरिक ऊर्जा के स्तर को दुरुस्त करेंगे।

**सामाजिक समर्थन:** त्योहार बाद मित्रों और परिवार के साथ समय बिताएं। अपने पसंदीदा रिश्तेदारों, परिवार के सदस्यों या दोस्तों के साथ गपशप करें। इन सब बातों से आपकी आंतरिक ऊर्जा रिचार्ज होगी।

**भावनाओं को लिखें, रुके कामों पर ध्यान दें:** अपने विचारों और भावनाओं को लिखें। इससे दबी हुई भावनाओं को बाहर निकालने और तनाव को कम करने में मदद मिल सकती है। त्योहारों के दौरान जो काम बाकी रह गए थे, उन्हें पूरा करने में अपना ध्यान लगाएं। ❁

# पार्टी से लौटने के बाद फॉलो करें प्रॉपर स्किन केयर रुटीन

अगर आप पार्टी से घर लौटकर प्रॉपर स्किन केयर नहीं करती हैं, तो आपकी स्किन डैमेज हो सकती है। इसलिए मेकअप रिमूवल जरूरी है। हम आपको यहां कुछ ईजी टिप्स बता रहे हैं, जिसे अपनाकर आप स्किन को डैमेज होने से बचा सकती हैं।

स्किन केयर
नीलोफर

चाहे दोस्तों के साथ पार्टी करनी है, किसी फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी में जाना है, किसी की रिसेप्शन पार्टी अटेंड करनी है या शादी में जाना है, हम दूसरों से अलग दिखना चाहते हैं। इसके लिए हम कई दिन पहले से प्लानिंग शुरू कर देते हैं। हमें क्या पहनना है, आउटफिट के साथ मैच करती ज्वेलरी, फुटवियर और कैरी किए जाने वाला पर्स सब पहले से सेट कर लेते हैं। मेकअप कैसा हो हैवी या लाइट, यह भी हम पहले ही सोच लेते हैं। लेकिन पार्टी अटेंड करने के बाद इन मेकअप प्रोडक्ट्स का हमारी त्वचा पर क्या असर होता है और घर आने के बाद हमें अपने स्किन की सही देखभाल के लिए कौन से जरूरी स्टेप फॉलो करने चाहिए, यह जानना भी बहुत ज्यादा जरूरी है।


## मेकअप रिमूवल है जरूरी

पार्टी से लौटकर आने के बाद आप भले ही कितनी थक जाएं, लेकिन अपने मेकअप को रिमूव करना न भूलें। कई बार पार्टी में डांस के बाद पैर थक जाते हैं और आप सोचती हैं कि मेकअप सुबह रिमूव कर लेंगी तो इससे आपके स्किन के पोर्स में गंदगी फंसी रह जाती है। इसलिए मेकअप रिमूवल सोने से पहले जरूरी है।



## चेहरे को करें क्लीन

सबसे पहले मेकअप को चेहरे से हटाएं और चेहरे को क्लीन करें ताकि बची हुई गंदगी और मेकअप हट जाए। इसके लिए फेसवॉश का इस्तेमाल करें, फेसवॉश ऐसा हो, जो त्वचा की नमी को बरकरार रखे।



## स्किन रहेगी हाईड्रेट

मेकअप को रिमूव करने के बाद और चेहरे की क्लींजिंग के पहले स्किन को हाईड्रेट करना जरूरी है, इसके लिए नाइट क्रीम का इस्तेमाल करें। नाइट क्रीम ऐसी होनी चाहिए, जिसमें नेचुरल स्किन कंडीशिनिंग एजेंट्स, नेचुरल ऑयल और विटामिन हो जो स्किन की रात भर नमी दे।

## आंखों की न करें अनदेखी

लेट नाइट पार्टीज में आंखों के नीचे की स्किन को अधिक देखभाल की जरूरत होती है, क्योंकि देर रात तक जगने के कारण डार्क सर्कल्स और पफी आइज होना कॉमन है। इसके लिए अंडर आई स्किन को नरिश करने के लिए अपने साथ हमेशा आईक्रीम रखें, जिससे आंखों के नीचे के काले घेरों से बचाव हो सके। आंखों और होंठों के मेकअप को रिमूव करने के लिए एक नर्म मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करें, क्योंकि आंखों और होंठों की त्वचा बेहद नर्म होती है। इन्हें साफ करने के बाद कॉटन पैड पर क्लीनिंग ऑयल लेकर पूरे चेहरे पर धीरे-धीरे रगड़ें।

## टोनर का करें यूज

जिस दौरान चेहरे से मेकअप को रिमूव किया जाता है, उस समय चेहरे की त्वचा के पोषक तत्व कम हो जाते हैं। चेहरे की त्वचा के पीएच स्तर को संतुलित करने और त्वचा के रोमछिद्रों को साफ करने के लिए टोनर का जरूर इस्तेमाल करें।

## मॉयश्चराइजर लगाएं

पूरे चेहरे का मेकअप हटाने और चेहरे की पूरी सफाई करने के बाद अपनी त्वचा को हाइड्रेट करने के लिए एक अच्छा मॉयश्चराइजर लगाएं ताकि यह आपकी त्वचा को ड्राय न होने दे, उसकी नमी को हमेशा बरकरार रखे। ❁

# बदलते मौसम में ऐसे करें हेल्थ केयर

बदलते मौसम में जरा सी लापरवाही आपको बीमार कर सकती है। इससे बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। कुछ ऐसे ही यूजफुल सजेशंस।

मेडिकल सजेशन
डॉ. रवींद्र गुप्ता
सीनियर फिजिशियन
सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बदलते मौसम में स्वस्थ रहने के लिए सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि इस मौसम में आपको कौन-सी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं और उनसे कैसे बचाव कर सकते हैं?

**श्वसन तंत्र संबंधी समस्याएं:** बदलते मौसम में ठंडी हवाओं के कारण सर्दी, खांसी, फ्लू और इंफ्लूएंजा का रिस्क बढ़ जाता है। धूल कणों और प्रदूषण की वजह से एलर्जी और अस्थमा के भी लक्षण नजर आने लगते हैं। इसके साथ ही आंखों और नाक से पानी गिरना, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं।

**मच्छरों से होने वाली बीमारियां:** बरसात के बाद जमा होने वाले पानी में मच्छर पनपने लगते हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां फैलने लगती हैं। जिनमें तेज बुखार, जोड़ों में दर्द जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं।



**दूषित जल से होने वाली समस्याएं:** बरसात खत्म होने के बाद पेयजल के प्रदूषित होने की आशंका बढ़ जाती है। अगर पीने का पानी स्वच्छ न हो तो इससे गैस्ट्रोएंटेराइटिस जैसी समस्या हो सकती है। इससे पेटर्दद, उल्टी और दस्त आदि समस्याएं हो सकती हैं।

**जोड़ों में दर्द:** ठंड की वजह से कुछ महिलाओं को जोड़ों में दर्द होने लगता है। खासतौर पर 50 साल से अधिक उम्र वाली महिलाओं को हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण यह समस्या ज्यादा परेशान करने लगती है।

**फंगल इंफेक्शन-स्किन ड्रायनेस:** महिलाओं को फंगल इंफेक्शन और स्किन में ड्रायनेस जैसी समस्याएं भी इस मौस्म में परेशान करती हैं।

**मेंटल प्रॉब्लम्स:** कुछ महिलओं को इस बदलते हुए मौसम में मूड स्विंग, सुस्ती और उदासी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी परेशान करती हैं, जिन्हें सीजनल इफेक्टिव डिसऑर्डर कहा जाता है।

**कैसे करें बचाव:** इन समस्याओं से ऐसे बचें।

- हमेशा उबला हुआ स्वच्छ पानी पिएं।
- उपयोग से पहले फलों और सब्जियों को अच्छी तरह से धो लें।
- अपने घर के आस-पास पानी जमा न होने दें, इससे मच्छरों के पनपने की आशंका बढ़ जाती है। बेहतर यही होगा कि सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।
- रूखेपन की समस्या के लिए नियमित रूप से मॉयश्चराइजर और कोल्ड क्रीम का इस्तेमाल करें।
- शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए रोजाना सात-आठ गिलास पानी पिएं, जूस और सूप भी पिएं। ❁



**प्रस्तुति: विनीता**

# परिचय देने का अंदाज हो सम्मानजनक

कुछ लोग अकसर किसी का परिचय एक कटाक्ष के अंदाज में देते हैं। इससे जिसका परिचय दिया जा रहा है, वह तो एंब्रेस फील करता ही है, वहां मौजूद लोगों को भी अटपटा लगता है। इसलिए जब भी किसी का परिचय दें, सम्मानजनक ढंग से दें।

एटिकेट
मेघा राठी

आकृति ने एक पार्टी में अपने पति से अपनी सहेली शोभा का परिचय कुछ इस अंदाज से कराया, 'इनसे मिलिए, यह हैं शोभा, सोशल मीडिया की क्वीन हैं, छाई रहती हैं पोस्ट और फोटो से।'

शोभा को यह तरह परिचय देना बड़ा अजीब-सा लगा। उसने टोका, 'आकृति, तुम मेरा परिचय मेरे प्रोफेशन या मेरी फैमिली से जोड़कर दो। यह किस ढंग से मेरा परिचय दे रही हो?'

'अरे चिल्ड यार, मजाक कर रही हूं।' आकृति समझ गई थी, उससे अंजाने में गलती हो गई है।

**फर्स्ट इंप्रेशन है किसी का परिचय:** अकसर लोग किसी का परिचय सही ढंग से कराने में चूकते हैं। जबकि किसी व्यक्ति के सामने किसी का परिचय देना, उसके 'फर्स्ट इंप्रेशन' की तरह होता है। पहले परिचय का प्रभाव लंबे समय तक रहता है। जब हम किसी का परिचय करवाते हैं, यह सुनिश्चित करना जरूरी है, वहां मौजूद लोगों के सामने उस व्यक्ति की सकारात्मक छवि पेश हो। अकसर सामाजिक या पेशेवर माहौल में हम दूसरों का परिचय कराते समय मजाक कर जाते हैं, जो सामने वाले को असहज कर सकता है, वह व्यक्ति न केवल अपमानित महसूस करता है, संबंधों में एक दूरी आती है। इसलिए यह जरूर जानें कि एक प्रभावशाली और सम्मानजनक परिचय देते समय किन बातों का ध्यान रखें-



**नकारात्मक शब्दों से बचें:** परिचय देते समय हमेशा सकारात्मक बातों से परिचय दें। ऐसे शब्दों से बचें, जो किसी भी प्रकार की आलोचना या नकारात्मकता को दर्शाते हों। कभी-कभी मजाक में भी नकारात्मक बातें बुरी लग जाती हैं, इसलिए हर शब्द का चुनाव सावधानी से करें। इस उदाहरण को देखें-

**गलत तरीका:** यह सुमन हैं। इनकी खासियत है कि ये सबकी टांग खींचने में माहिर हैं।

**सही तरीका:** यह सुमन हैं। इनकी हाजिरजवाबी और मजाकिया स्वभाव से हर माहौल खुशनुमा हो जाता है। नकारात्मक टिप्पणियां, चाहे मजाक में ही क्यों न हों, सामने वाले के आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचा सकती हैं।

**अतिशयोक्ति से बचें:** कुछ लोगों की आदत होती है कि वे किसी व्यक्ति की तारीफ बढ़ा-चढ़ा कर करते हैं। यह सही नहीं है, क्योंकि इससे वह व्यक्ति जिसका परिचय दिया जा रहा है और वहां मौजूद अन्य लोग दोनों ही असहज हो सकते हैं। किसी की प्रशंसा करना अच्छी बात है, लेकिन अतिशयोक्ति के बिना होनी चाहिए। जैसे-

**गलत तरीका:** यह दीपा हैं। कंपनी की सबसे मेहनती और सबसे सफल वर्कर हैं।

**सही तरीका:** यह दीपा हैं। यह हमारी टीम में विश्लेषण का काम करती हैं, अपने डेडिकेशन के लिए जानी जाती हैं।

इस तरह का सटीक और सम्मानजनक परिचय न केवल वहां उपस्थित लोगों को विश्वास दिलाता है, बल्कि परिचित होने वाले व्यक्ति को भी कुछ और बड़ा करने के लिए प्रेरित करता है।

**उपलब्धियों और गुणों से कराएं परिचय:** व्यक्ति की उपलब्धियों, गुणों और कौशल का सम्मानपूर्वक उल्लेख करें, बिना किसी प्रकार की तुलना या टीका-टिप्पणी किए बताएं- इन्होंने अपने क्षेत्र में अपनी मेहनत से पहचान बनाई है। इस प्रकार का परिचय न केवल व्यक्ति को गर्वित करता है, बल्कि उनकी छवि को भी उभारता है।किसी का परिचय करवाना एक महत्वपूर्ण क्षण होता है। यह परिचय करवाने वाले व्यक्ति के व्यक्तित्व को भी दर्शाता है, उसकी छवि निर्धारित करता है, साथ ही भविष्य में संबंधों की मजबूती को भी प्रभावित करता है। ❁

## खबर संक्षेप




### चिह्नित अपराधों की हो कड़ी निगरानी: डीसी

**झज्जर।** चिह्नित अपराधों की गहनता से जांच और प्रभावी पैरवी ही अपराधियों को सजा दिलाने का सबसे सशक्त माध्यम है। यह बात डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने सोमवार को चिन्हित अपराध योजना की मासिक समीक्षा बैठक में कही। कई बार मामूली तकनीकी खामियों और अधूरी साक्ष्य श्रृंखला के कारण गंभीर अपराधों में भी आरोपी बच निकलते हैं। इसलिए प्रारंभिक स्तर से ही केस फाइल मजबूत की जाए और अभियोजन पक्ष हर सुनवाई में सशक्त पैरवी सुनिश्चित करें। पुलिस अधिकारियों से कहा कि जांच रिपोर्ट निर्धारित समयसीमा में प्रस्तुत हो और गवाहों की सुरक्षा व उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### मादक पदार्थ गांजा सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** सीआईए की एक टीम द्वारा मादक पदार्थ गांजा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी कर्मवीर ने बताया कि पुलिस की एक टीम शहरी क्षेत्र में तैनात थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि आशु निवासी कच्चा बेरी रोड झज्जर नशीला पदार्थ गांजा बेचने की फिराक में नया बस स्टैंड के नजदीक खड़ा हुआ है। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शक की बिनाह पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया है। पकड़े गए व्यक्ति की नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। जिसका वजन करने पर 208 ग्राम पाया गया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**झज्जर।** सोमवार की सुबह बाबरा गांव के फाटक के नजदीक ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। कीमैन की सूचना पर रेलवे पुलिस मौके पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया युवक की उम्र 30 से 32 वर्ष आंकी जा रही है। पहनावे से प्रवासी श्रमिक का शव लगता है। शव के पास से एक कीपैड वाला फोन तथा कुछ फोन नंबर लिखी पर्ची मिली है। इसी के आधार पर मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

*माजरा में हफ्ते में एक बार आता है पानी, शेष दिन निजी सप्लायरों पर निर्भर*

# पेयजल आपूर्ति में अग्रणी रहे माजरा गांव के निवासी अब खरीद कर पानी पीने को मजबूर

**कई बार आवेदन देने के बावजूद अब तक कनेक्शन नहीं दिए गए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

कभी बेहतर पेयजल सुविधा वाले गांवों में गिना जाने वाला माजरा गांव आजकल पेयजल संकट से जूझ रहा है।

वर्ष 1968 में शहीद मेजर महेंद्र सिंह के नाम पर शुरू हुई यहां की पेयजल व्यवस्था अब लगभग ठप हो चुकी है। विभागीय लापरवाही के कारण हफ्ते में सिर्फ एक बार ही पानी की सप्लाई होती है। बीमान पाना और देसीवाला कॉलोनी में तो महीनों से पानी की सप्लाई नहीं हो पाई।


झज्जर। वाटर टैंक में जमा कीचड़ की सफाई करते समय का फाइल फोटो।

### गांव के टैंक कीचड़ से भरे पड़े

*पूर्व सरपंच नरेंद्र कादियान ने बताया कि जो माजरा गांव कभी पेयजल व्यवस्था का मॉडल हुआ करता था वह अब समस्याग्रस्त गांवों की श्रेणी में शामिल हो गया है। पूर्व जिला पार्षद मास्टर जयभगवान व जयपाल नंबरदार ने बताया कि वर्ष 2019 से छोटूराम कॉलोनी और सीआर स्कूल द्वारा कई बार आवेदन देने के बावजूद अब तक कनेक्शन नहीं दिए गए। गांव के टैंक कीचड़ से भरे पड़े हैं, दीवारें टूटी हैं और फिल्टर सिस्टम बंद पड़ा है। काम अधूरा छोड़ने के कारण पाइपलाइनें गलियों में जंग खा रही हैं। ओपन पाइप से गांव में पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे लोगों की सेहत पर भी खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार एक बार वाटर टैंक से कीचड़ निकालने का कार्य भी शुरू किया गया था जिसे अधर में ही छोड़ दिया गया। जलभराव के बाद से बूस्टिंग स्टेशन बंद है और गांव में पानी की भारी किल्लत है। विभाग ने नई पाइपलाइनें तो बिछा दीं, लेकिन कनेक्शन नहीं दिए, जिससे लोग मजबूरी में निजी सप्लायरों से पानी खरीदने को मजबूर हैं। ग्रामीणों मांग की है कि विभाग गांव की पेयजल व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त करते हुए हर परिवार को प्रतिदिन पांच सौ लीटर स्वच्छ पानी उपलब्ध कराए ताकि उन्हें राहत मिल सके।*

## न्यूज डायरी

### एनक्यूएएस टीम ने किया नागरिक अस्पताल का निरीक्षण



**झज्जर।** सोमवार को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड की टीम द्वारा स्थानीय नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया गया। टीम में शामिल डॉक्टर अमित पोरिया, डॉक्टर सुमन वशिष्ठ व सुनीता ने अस्पताल के ओपीडी, एमरजेंसी, ऑपरेशन थिएटर, महिला एवं प्रसूति विभाग सहित विभिन्न वार्डों का दौरा किया। इस दौरान नर्सिंग अधिकारी अंजु चाहर ने टीम सदस्यों को अस्पताल की सुविधाओं की जानकारी दी। इस दौरान टीम सदस्यों ने वार्ड व महिला एवं प्रसूति विभाग में दाखिल मरीजों से बातचीत करते हुए उन्हें दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। बता दें कि नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंर्ड टीम का मुख्य कार्य स्वास्थ्य सुविधाओं में गुणवत्ता और रोगी सुरक्षा में सुधार के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का आंकलन करना है। टीम यह सुनिश्चित करती हैं कि अस्पताल और क्लीनिक रोगी की देखभाल, नैदानिक प्रक्रियाएं, संक्रमण नियंत्रण और प्रशासनिक प्रबंधन जैसे निर्धारित मानकों का पालन करें।

### सामूहिक प्रयासों से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव

**झज्जर।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय साल्हावास में खंड स्तरीय बीपीआईयू और सक्षम रिव्यू सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी जयपाल दहिया ने की। सभा में निपुण हरियाणा कार्यक्रम के जिला संयोजक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने उपस्थित अधिकारियों व अध्यापकों को संबोधित करते हुए प्राथमिक स्कूलों में मेंटर और मॉनिटर विजिट के डाटा व विद्यालय वार सेंसस असेसमेंट का विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी सीआरसी मुखियाओं को गुणवत्ता-पूर्ण मासिक बैठकें व स्कूल विजिट करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सभी अध्यापक निपुण लक्ष्य के प्रति सजग रहें, और टीचर एप पर शिक्षक संदर्शिका डाउनलोड करके प्रयोग करें। खंड निपुण समन्वयक वीरेंद्र सिंह ने कहा कि निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत प्रत्येक बालक को बुनियादी साक्षरता व गणना कौशल में दक्ष बनाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। खंड शिक्षा अधिकारी जयपाल दहिया ने विभागीय कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट ली और भविष्य की कार्य योजना सांझा की। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव है।

### पाइथन प्रोग्रामिंग का करवाया अभ्यास



**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग में पाइथन प्रोग्रामिंग पर कार्यशाला और प्रबंधन विभाग में सोशल मीडिया के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन प्राध्यापक विकास सुहाग ने किया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को पाइथन प्रोग्रामिंग की मूलभूत अवधारणाओं डेटा टाइप्स, नियंत्रण संरचना, फंक्शन्स तथा व्यावहारिक कोडिंग अभ्यास से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को डेटा साइंस, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऑटोमेशन के क्षेत्र में पाइथन के अनुप्रयोगों के बारे में भी जानकारी दी गई। वर्तमान डिजिटल युग में पाइथन जैसी प्रोग्रामिंग भाषाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को तार्किक सोच और सतत अधिगम की दिशा में प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान विभागाध्यक्ष सौरभ जैन, डॉक्टर सुधीर, राजेश हूड्डा प्रदीप सुहाग तथा मनोज नेहरा मौजूद रहे। उधर, निबंध प्रतियोगिता में बीबीए प्रथम वर्ष की खुशी ने पहला, मोनिका दूसरा और यशवीर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का निर्णय जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉक्टर अमित भारद्वाज ने किया। प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए और उनका उत्साहवर्धन किया।

### एथलेटिक्स में एचआर ग्रीन फील्ड्स स्कूल के विद्यार्थियों ने किया प्रदर्शन उत्कृष्ट



**झज्जर।** राजीव गांधी स्टेडियम बेरी में आयोजित हरियाणा स्कूल खेल प्रतियोगिता में एचआर ग्रीन फील्ड्स स्कूल के विद्यार्थियों ने एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल जीते हैं। स्कूल प्राचार्य महेंद्र सिंह गुलिया ने बताया कि अंडर-11 आयु वर्ग की लड़कियों की 100 मीटर दौड़ व लांग जंप प्रतियोगिता में छात्रा सनाया ने गोल्ड मेडल हासिल किया। इसके अलावा 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस में सनाया, अनाया, माही, इशिता व भावी ने स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल का गौरव बढ़ाया। उन्होंने बताया कि अब सनाया का चयन लांग जंप व 100 मीटर दौड़ में राज्य स्तरीय खेलों के लिए हुआ है। विजेता खिलाड़ियों के स्कूल पहुंचने पर निदेशक विकास धनखड़ ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कोच विकेश ठाकुर, अवधेश, अमित कुमार, गिन्नी देवी के प्रयासों की सराहना भी की।

### जिले में बंदा वीर बैरागी चौक बनाने की मांग, सौंपा ज्ञापन


झज्जर। तहसीलदार शेखर नरवाल को ज्ञापन सौंपते हुए बैरागी समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** बैरागी समाज द्वारा जिला प्रशासन से उनके समाज के बंदा वीर बैरागी के नाम पर एक चौक का नामकरण तथा बंदा वीर बैरागी की जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने की मांग की गई है। सोमवार को समाज के लोगों द्वारा जिलाध्यक्ष कुलदीप स्वामी की अध्यक्षता में तहसीलदार के माध्यम से डीसी को ज्ञापन भी भेजा। जिलाध्यक्ष कुलदीप स्वामी ने बताया कि इस ज्ञापन में समाज के लोगों ने जिले में किसी प्रमुख स्थान पर बंदा वीर बैरागी चौक का नामकरण कर स्थापित करने तथा बंदा वीर बैरागी की जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने की मांग रखी। बंदा वीर बैरागी ने राष्ट्र, धर्म और समाज की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया था। उनका जीवन देशभक्ति, बलिदान और साहस का अनुपम उदाहरण है। नई पीढ़ी को भी उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इसके बाद उन्होंने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर आजाद, सुरेश, भूपेंद्र, धर्मवीर, रोहतास, जोगिंद्र, हनुमान, विनोद, महेश, रामकरण, ओमप्रकाश, सतीश, हरीश कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### अनाजमंडी के शौचालयों की बदहाल स्थिति श्रमिकों व किसानों को परेशानी

**झज्जर।** साफ-सफाई के अभाव में स्थानीय अनाजमंडी परिसर में बने शौचालयों की हालत दयनीय हो गई है। नियमित सफाई न होने के कारण यहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे श्रमिकों व मंडी में आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूपी निवासी प्रवासी श्रमिक प्रताप, अमित, बिमलेश आदि ने बताया कि शौचालयों में लंबे समय से सफाई नहीं की गई है, जिसके कारण बदबू और गंदगी बनी हुई है। स्नानघर में भी बीड़ी, गुटखे के रेपर और कूड़े का ढेर दिखाई देता है। वे पिछले कई दिनों से मंडी में काम कर रहे हैं। इस परिसर में एकमात्र शौचालय व स्नानघर होने के कारण उन्हें मजबूरी में इसका उपयोग करना पड़ रहा है। यदि श्रमिकों की माने तो यहां स्नान करना तो दूर की बात है बल्कि वास बेसिन, शौचालयों व स्नानघर में फैले कूड़े को देखकर यहां खड़ा रहना भी मुश्किल है। उन्होंने मंडी प्रशासन से तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

*आईडीटीआर परिसर में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर समाज में पुलिस की भूमिका पर संगोष्ठी*

## पुलिस समाज की सुरक्षा में मजबूत कड़ी : एसीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बालोर रोड स्थित आईडीटीआर परिसर में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर समाज में पुलिस की भूमिका विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसीपी दिनेश कुमार ने की। उन्होंने कहा कि पुलिस समाज की सुरक्षा की मजबूत कड़ी है, जो नागरिकों की सुरक्षा, शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में हमेशा अग्रणी रहती है। उन्होंने युवाओं से ट्रैफिक नियमों का पालन करने और नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. मनीष शर्मा, प्रो. कुलदीप जून, सत्येंद्र दहिया, चंद्रभान दिव्यांग ट्रस्ट के प्रधान सत्यपाल सिंह सहित कई अन्य उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी नहीं निभाती, बल्कि सामाजिक जागरूकता और जनहित के कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाती है। कार्यक्रम का संचालन इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने किया। लगभग 75 नागरिकों ने इसमें भाग लिया और शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी उपस्थित जनों ने समाज में पुलिस की सकारात्मक भूमिका को स्वीकारते हुए सेवा, सुरक्षा और सहयोग के संकल्प को दोहराया। इस मौके पर आईडीटीआर केंद्र के मैनेजर अवतार सिंह सिंधु और इंस्पेक्टर प्रदीप शर्मा भी उपस्थित रहे।


बहादुरगढ़। लोगों को जागरूक करते एसीपी दिनेश कुमार। फोटो :हरिभूमि

### सैनी मार्केट में 2 माह से सीवर जाम



**बहादुरगढ़।** शहर की सैनी मार्केट में इन दिनों सीवर जाम की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। करीब दो माह से सीवरे जाम होने के चलते यहां के निवासी व दुकानदारों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। दुकानों के बाहर सीवर का गंदा पानी जमा हुआ है, जिसमें भयंकर दुर्गंध उठती है, जिस कारण दुकानदारों का काम भी चौपट हो गया है। एडवोकेट पवन सैनी ने बताया कि पिछले करीब दो माह से सैनी मार्केट में सीवर जाम की समस्या बनी हुई है। सीवरों का पानी बाहर गलियों में जमा हो रहा है। सैनी मार्केट की गली तो गंदगी से भरी पड़ी है। उन्होंने बताया कि समस्या के समाधान के लिए कई बार विभाग को ऑनलाइन, लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है, मगर समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। यहां दुकानों के बाहर सीवर का गंदा पानी जमा हो रहा है, जिस कारण दुकानदारों का काम भी चौपट हो गया है। पंकज सैनी, संदीप पांचाल, पवन मिस्त्री, राजू, प्रदीप सैनी, मोनू, सन्नी नेहरा, देवा आदि ने बताया कि सीवर के गंदे पानी से दिनभर दुर्गंध उठती रहती है। इस गंदे पानी में मच्छर पनप रहे हैं, जिस कारण बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है। लोगों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द उनकी इस समस्या का समाधान कराया जाए, वरना मजबूरन उन्हें प्रदर्शन का सहारा लेना पड़ेगा।

### नुक्कड़ नाटक से दिया नशा मुक्ति का संदेश



*बहादुरगढ़। सोमवार को वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में नशा मुक्ति सेल द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर नशे के दुष्प्रभावों का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक में एकता, पायल, अन्नू, मुस्कान, कोकशी, इशु व तमन्ना आदि छात्राएं शामिल रहीं। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि नशा हमारे समाज को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है। हमारे मन-तन को लगातार नुकसान पहुंचाते हुए हमें कई संक्रामक बीमारियों और मानसिक अवसाद जैसी असंतुलन की स्थितियों से जोड़ रहा है। समय रहते इससे बचाव के लिए सही इलाज, सहायता और परामर्श लेना जरूरी है। छात्राओं ने नशे से बचने, छोड़ने, बुरी संगति से दूर रहने और जीवन शैली में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एक नाटक द्वारा मनोबल बढ़ाने वाला संदेश दिया है। आज की युवा वर्ग को अच्छी जीवन शैली अपनाकर क्रियात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए।*

*चैंपियनशिप में पांच राज्यों के लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया*

## हरियाणा ने नॉर्थ इंडिया कराटे चैंपियनशिप जीती

**बहादुरगढ़।** शहर के सिटी पैलेस में हुई नॉर्थ इंडिया धमिका काई कराटे चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम छाई रही। शानदार प्रदर्शन के बूते हरियाणा की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। जबकि दिल्ली दूसरे और राजस्थान की टीम तीसरे स्थान पर रही। चैंपियनशिप में पांच राज्यों के लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी, हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री, धमिका काई इंडिया के अध्यक्ष अशोक सिहाग, ओमबीर छिकारा, सुनील जून, सुरेंद्र चुघ ने बतौर अतिथि शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। यूनाइटेड कराटे एसोसिएशन व नॉर्थ इंडिया कराटे एसोसिएशन के प्रधान रजनीश चौधरी ने बताया कि हरियाणा की टीम ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।


बहादुरगढ़। चैंपियनशिप के दौरान फाइट करते दो खिलाड़ी।

टूर्नामेंट डायरेक्टर शिहान दीपक अग्रवाल, रेफरी आयोग के अध्यक्ष राज किडवाल, जनरल सचिव सुमित छिल्लर की भी विशेष भूमिका रही। जगदीश छिल्लर, कुलदीप, दिनेश, सुनील, राजू, अधीर, सरजीत, हैप्पी, हेमंत, रोहित व आर्यन भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

### आरईडी के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** आरईडी स्कूल छुछकवास के दो विद्यार्थियों ने जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। प्राचार्या सरिता मल्हान ने बताया कि उनके स्कूल के 14 विद्यार्थियों ने चैस, कैरम, खो-खो, रस्साकसी आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिनमें से दो विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। इस उपलब्धि पर स्कूल निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने होनहार विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों व अभिभावकों को बधाई देते हुए दोनों विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मेहंदी प्रतियोगिता में सोनिया रही प्रथम

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में सोमवार को महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सतवीर सिंह ने की। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ. सीतू सिंह, डॉ. रीना मंजु कुमारी ने निभाई। प्रतियोगिता परिणामों में बीए प्रथम वर्ष की सोनिया को पहला, एमए द्वितीय वर्ष की संजू को दूसरा तथा बीए तृतीय वर्ष की अंजलि को तीसरा स्थान मिला। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रश्मि ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्राओं में कला के प्रति रूचि व अपनी प्रतिभा दर्शाने का अवसर प्रदान करती हैं।




### समाधान शिविर में डीसी ने सुनीं समस्याएं


झज्जर। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

**झज्जर।** सोमवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें मुख्य रूप से पीपीपी, पेंशन और राजस्व मामलों से जुड़ी 15 शिकायतें शामिल रही। डीसी ने लोगों की शिकायतें सुनीं और तत्काल समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया, जबकि कुछ मामलों में आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई।

*दुकानों के बाहर रखे स्टैंडी बोर्ड भी ले गई नगर परिषद की टीम*

# निगर परिषद ने बाजार में अभियान चलाकर हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

**शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर नगर परिषद द्वारा बाजार से अतिक्रमण हटाए जाने का निर्णय लिया**

सोमवार को नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा पुलिस प्रशासन को साथ लेकर बाजार से अतिक्रमण हटाया गया। सफाई दरोगा शिवम ने बताया कि उनकी टीम में दरोगा सुंदरलाल, विकास, कृष्ण, गौरव व रोहित शामिल रहे। सुबह के समय में उन्होंने अंबेडकर चौक से पुराना बस स्टैंड, छिक्कार चौक, मेडिकल रोड, पुराने तहसील मार्ग से नगर परिषद कार्यालय तक की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानों के सामने निश्चित परिधि से बाहर लगाए फ्लैक्स, स्टैंडी, साइन बोर्ड आदि सामानों को हटाया गया।



झज्जर। सड़क पर बाहर रखे फ्लैक्स को ट्राली में डालते हुए नप कर्मचारी।

### तीन दिन पहले की थी मुनादी

इस संबंध में तीन दिन पहले शहर में मुनादी करके सभी दुकानदारों को अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गई थी। साथ में यह भी बताया गया था कि यदि कोई दुकानदार द्वारा चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण किया जाता है तो न केवल उस अतिक्रमण को हटा दिया जाएगा बल्कि सामान भी जब्त कर लिया जाएगा।

### दोपहर बाद करीब चार बजे अभियान चलाया

शाम की शिफ्ट में दोपहर बाद करीब चार बजे सिलानी गेट स्थित राव तुलाराम चौक से कच्चा बादली रोड पर अनाजमंडी तक की दुकानों के सामने से अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान में कर्मचारी ट्रैक्टर-ट्राली के साथ पहुंचे तथा अतिक्रमण करने वाले सामान को उठा कर जब्त करते हुए ट्रैक्टर-ट्राली में डाल लिया गया। उन्होंने बताया कि शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर नगर परिषद द्वारा बाजार से अतिक्रमण हटाए जाने का निर्णय लिया है।

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। शिविर में आमजन की शिकायतें सुनते एसडीएम नसीब कुमार।

### शिविर में एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

**बहादुरगढ़।** सोमवार को बहादुरगढ़ लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम नसीब कुमार ने आमजन की शिकायतें सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समाधान शिविर में बिजली, नगर परिषद ,राजस्व संबंधी मामले तथा परिवार पहचान पत्र जैसी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें आईं। एसडीएम ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी निवारण करना है। समाधान शिविर के माध्यम से जनता की शिकायतें सीधे सुनी जा रही हैं। जिससे प्रशासन और जनता के बीच संवाद मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों से नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते।



बहादुरगढ़। मंत्री राजेश नागर से मुलाकात करते जसबीर सैनी व अन्य।

### गरीबों को समय पर राशन हो सुनिश्चित : सैनी

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता जसबीर सैनी ने खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर से चंडीगढ़ में उनके निवास पर मुलाकात की। उनके अनुसार डिपो धारको को समय पर सरकार द्वारा दिया जाने वाला कमीशन नहीं मिल पाता। जिस कारण डिपो धारकों को आर्थिक रूप से परेशान होना पड़ता है। राशन वितरित करने वाली मशीन की क्षमता 2-जी से जल्द 5-जी किया जाए। डिपो की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे जल्द लगवाए जाएं। जिन मरीजों के बायोमेट्रिक ना मिलें, उन्हें मैन्युअल राशन देने की व्यवस्था होनी चाहिए। इस अवसर पर धर्मबीर सैनी, मुकेश, नरेंद्र, नीरज, मंजीत, राकेश, राज आदि मौजूद थे।

## झज्जर जिले में कई जगह नहर के घाटों पर लगा मेला

# छठ महोत्सव में डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी मन्नत

मंगलवार तड़के उदीयमान सूर्य को अर्घ्य समर्पित करने के साथ होगी छठ पर्व की समाप्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कार्तिक छठ का पर्व सोमवार को श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर की कई कॉलोनियों में आकर बसे हजारों पूर्वांचल वासियों ने जगह-जगह सूर्य नारायण की पूजा कर भविष्य में सुख समृद्धि की कामना की। शाम होते ही शुरू हुए डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के दौर से भक्ति का माहौल बना रहा। हजारों छठव्रतियों ने शाम को डूबते सूर्य को पहला अर्घ्य दिया।

सोमवार सायं 5 बजे सूर्य को पहला अर्घ्य दिया गया। जबकि मंगलवार सुबह 6 बजे अर्घ्य देकर छठ पूजन संपन्न होगा। क्षेत्र में यह पूजा जलघर के निकट नहर किनारे, छोटूराम नगर, दुर्गा कॉलोनी, सैनिक नगर व लाइनपार क्षेत्र में पूर्वांचल वासियों द्वारा की गई। बता दें कि दो दिन के उपवास के बाद पूर्वांचल से यहां आकर बसे परिवारों की महिलाओं ने डूबते सूर्य की पूजा अर्चना की और समाज में शांति और सुख की दुआएं की। दिनभर जहां पूजा अर्चना की तैयारी चलती रही रही तो शाम होते ही लोगों का रुख पूजा अर्चना की सामग्री और फलाहार के साथ जलाशयों की तरफ हो गया।



बहादुरगढ़। सोमवार शाम को अस्ताचलगामी सूर्य की स्तुति करती महिलाएं।

अनेक भक्तों ने तो यह यात्रा पेट के बल चलकर पूजास्थल तक पूरी की। कई परिवारों की टोलियों ने बैंडबाजों के साथ तालाबों का रुख किया। शाम के समय जब भगवान सूर्य अस्त होने को हुए तो गीत गाती हुई महिलाओं की टोलियां तालाबों पर पहुंची और सूर्य नारायण को अर्घ्य अर्पित किया। दिनभर छठ महोत्सव को लेकर क्षेत्र में माहौल भक्तिमय बना रहा। सोमवार शाम को डूबते सूर्य को पहला अर्घ्य देने के बाद अब ये श्रद्धालु मंगलवार तड़के उगते सूर्य को दूसरा अर्घ्य देकर इस त्यौहार को श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ विदा करेंगे।

### 446 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच



**बहादुरगढ़।** लोक आस्था के पर्व छठ के अवसर पर लाइनपार क्षेत्र के न्यू पटेल पार्क स्थित छठ पूजा मंदिर परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर छठ पूजा समिति व डॉ. संजय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के संयुक्त सहयोग से लगाया गया। शिविर में 446 लोगों ने जांच करवाई और आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय सिंह, जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. रमेश कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. तरूणा शर्मा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नवीन मलिक सहित डॉ. विपिन, डॉ. आकांक्षा शर्मा व डॉ. चेष्ठा की टीम मौजूद रही। शिविर के दौरान जोड़ों के दर्द, कैल्शियम की कमी, खांसी-जुकाम, छाती में संक्रमण, बुखार और महिलाओं में रक्ताल्पता जैसी समस्याएं अधिक पाई गईं। छठ पूजा समिति से जुड़े प्रधान सुधीर तिवारी, शिवाजी शाह, प्रमोद, राकेश और आलोक कुमार सिंह ने शिविर के सफल संचालन में सहयोग दिया। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संजय सिंह ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को घर के पास ही सुविधाएं उपलब्ध कराना है।



### पार्षद ने दिया सूर्य को अर्घ्य

**बहादुरगढ़।** शहर के सैनिक नगर के पास से गुजर रही माइनर पर बने पूजा घाट पर बिहार नवयुवक पूर्वांचल संघ की ओर से छठ महापर्व पूरे उमंग व उत्साह के साथ मनाया। नगर पार्षद डॉ. नीना सतपाल राठी ने विशेष तौर पर तैयार करवाए गए इस घाट पर स्वयं भी पूर्वांचलवासियों के साथ डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा की।



### विधायक ने की सूर्य उपासना

**बहादुरगढ़।** पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने छठ महापर्व के दौरान शहर के कई स्थानों पर बने पूजा घाटों पर हुए कार्यक्रमों में बतौर मुख्यातिथि पहुंचकर छठ पर्व की खुशियां मनाई। इस दौरान वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा, पार्षद ज्योति पवन रोहिल्ला, पार्षद राजेश मकड़ौली, प्रवीण सोनू, अनिल सिंघल, कृष्ण चंद्र मौजूद रहे।



झज्जर। अस्ताचलगामी सूर्य की पूजा-अर्चना करते हुए छठ व्रती। *फोटो : हरिभूमि*

### ब्राह्मण जोहड़ा तालाब पर लगा मेला

**झज्जर।** छठ पूजा महापर्व के तीसरे दिन छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देते हुए पूजा-अर्चना की। जिले के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले इन प्रवासी छठ व्रतियों ने जहां अलग-अलग जगहों पर पानी के बीच खड़े होकर सूर्यदेव व छठ मैया को सांझी अर्क दिया वहीं शहर में रहने वाले अधिकांश व्रतियों ने कोसली रोड स्थित ब्राह्मण जोहड़ा तालाब में पूजा-अर्चना की। रिवाला गेट में रहने वाले महेंद्र ने बताया कि वे पत्नी सुनीता देवी के साथ पूजा करने पहुंचे हैं। इसी प्रकार हलवाई का काम करने वाले प्रवासी श्रमिक सुमन, रजाई भरने का करने वाले सागीर व कबीर ने बताया कि चार दिनों के इस महापर्व में आज सांझी अर्क के चलते पूजा की गई। मंगलवार की सुबह सूर्योदय के साथ व्रत का पारण किया जाएगा। शाम को ब्राह्मण जोहड़ा तालाब पर मेले जैसा माहौल रहा। छठव्रती अपने परिवार के साथ पूजा- अर्चना करने पहुंचे। यहां पानी के बीच खड़े होकर छठव्रतियों ने ढलते सूर्यदेव को अर्क दिया। खिलौने व आतिशबाजी का सामान बेचने वाले लोग भी अपनी स्टॉल लगाकर सामान बेचते नजर आए। मेन रोड के साथ स्थित होने के कारण राहगीर अपने वाहनों को रोक इस पूजा को देखने लगे। इस दौरान पुलिस के सुरक्षा प्रबंध भी नजर आए।



### विधायक राजेश जून ने की सूर्य उपासना

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेश जून ने सोमवार को कई स्थानों पर आयोजित छठ महोत्सव कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। यहां पूर्वांचल समाज और स्थानीय नागरिकों ने जून का गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक राजेश जून ने छोटूराम नगर की गड्ढा पार कॉलोनी में, हशविप्रा वाटर वर्क्स बूस्टिंग स्टेशन, लाइनपार हरीनगर, न्यू पटेल पार्क, न्यू नेताजी नगर व कमल विहार में आयोजित छठ पूजा महोत्सव में शिरकत की। राजेश जून ने घाटों पर पहुंचकर पहले विधिवत पूजा-अर्चना की, उसके बाद व्रतधारी माताओं-बहनों के साथ सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। उन्होंने क्षेत्र की सुख, शांति, सद्भाव, नागरिकों के निरोगी जीवन और समृद्धि की कामना की।

## जिलास्तरीय प्रतियोगिता में संस्कारम् के विद्यार्थियों ने जीते पांच मेडल



झज्जर। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सरस्वती शिशु मंदिर बेरी में आयोजित जिलास्तरीय योग एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में संस्कारम् पब्लिक स्कूल खातीवास के विद्यार्थियों ने पांच मेडल जीतकर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। स्कूल के कोच मनीष योगी ने बताया कि उनके संस्थान के विद्यार्थियों ने चार स्वर्ण पदक तथा एक कांस्य पदक हासिल किया।

### पुनीत रहा प्रथम

प्रतियोगिता के अंडर-11 बालक योग वर्ग में चौथी कक्षा के विद्यार्थी पुनीत ने स्वर्ण पदक जबकि पांचवीं कक्षा के लोकेश कादियान ने कांस्य पदक जीता। सोलो डांस प्रतियोगिता में केशव, जैसमीन और मेहुल ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियों से स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉ. महिपाल ने विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शहीद स्मारकों के सौंदर्यीकरण की तैयारी शुरू

- अधिकारियों की टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में स्थित शहीद स्मारकों का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर परिषद द्वारा शहर के शहीद स्मारकों को नया रूप दिया जाएगा। चेयरपर्सन सरोज राठी के अनुसार शहीदों के स्मारक उनकी वीरता, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की पहचान हैं। इनका सौंदर्यीकरण नगर परिषद की प्राथमिकता है ताकि नई पीढ़ी को देश के शहीदों के प्रति सम्मान की प्रेरणा मिल सके।

चेयरपर्सन के आदेश पर अधिकारियों की टीम ने विभिन्न इलाकों में स्थित शहीद स्मारकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक स्मारक पर आवश्यक कार्यों की सूची तैयार की गई। जेई आशीष यादव और चेयरपर्सन प्रतिनिधि रमेश राठी ने मौके पर जाकर सभी स्मारकों की वर्तमान स्थिति का आंकलन किया और सौंदर्यीकरण के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया। सरोज राठी ने बताया कि शहीद स्मारकों पर चारदीवारी, ग्रेनाइट पत्थर की फिनिशिंग, लाइटें, शहीदों की शौर्य गाथा की शिलापट्टिका, स्टील के गेट, फेंसिंग, छतरी, बेंच, फोकस लाइटें और हरियाली के लिए फूल-पौधे लगाए जाएंगे।



बहादुरगढ़। ब्रिगेडियर होशियार सिंह राठी स्मारक का जायजा लेते रमेश राठी व जेई।

### एस्टीमेट तैयार करवाया गया

सौंदर्यीकरण के कार्यों के लिए एस्टीमेट तैयार करवाया गया है और जल्द ही कार्यों की टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने पुरानी तहसील में शहीद होशियार सिंह राठी स्मारक, सैनिक रेस्ट हाउस में शहीदी स्मारक, मेन बाजार में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा, रेलवे रोड स्कूल परिसर में ब्रिगेडियर होशियार सिंह राठी और शहीद भगत सिंह की प्रतिमा का सौंदर्यीकरण परिषद की ओर से किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### युवा एशियाई खेलों में हार्दिक ने जीता कांस्य पदक



**बहादुरगढ़।** बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थी हार्दिक अहलावत ने बहरीन में आयोजित तीसरे युवा एशियाई खेलों में मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। स्कूल डायरेक्टर एडवोकेट प्रवीण छिल्लर, डॉ. सीमा छिल्लर, प्राचार्या डॉ. पूनम चौधरी, कोच सुरेन कुमार ने हार्दिक की उपलब्धि पर खुशी जताई।



बहादुरगढ़। बादली कॉलेज में सोमवार को रंगोली बनातीं छात्राएं।

### विद्यार्थियों को खेलों का महत्व बताया

**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय बादली में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत खेलो इंडिया विषय पर एक शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का शुभारंभी प्राचार्य आनंद कादयान ने किया। उन्होंने स्वयं सेवकों को खेलों का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि खेलने से शारीरिक, मानसिक मजबूती मिलती है। जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान डॉ. रेणु गुलिया व संदीप के नेतृत्व में पोस्टर मेकिंग, रंगोली व अन्य खेल कूद गतिविधियां भी कराई गईं।



### डीसी ने विजेता खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

**झज्जर।** सोमवार को एशियन यूथ गेम्स में गांव माजरा (डी) के खिलाड़ी ब्रॉन्ज मेडल विजेता अरविंद और राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में विजेता टीम के खिलाड़ियों को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी न केवल जिले की शान हैं बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत भी हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी अब हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जो शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ होने का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी पढ़ाई के साथ साथ आगामी खेल प्रतियोगिताओं के लिए अभी से तैयारी शुरू करें ताकि वे और बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर सकें।

### एक नवंबर को मनेगा श्री श्याम जन्मोत्सव

**बहादुरगढ़।** एक नवम्बर को दीवाने श्री श्याम सुंदर के द्वारा भव्य 5वें श्री श्याम जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन राठी फार्म हाऊस में होगा। दीपक गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर गणेश जी महाराज व कृष्ण राधेश्याम शास्त्री जी महाराज पावन आशीर्वाद देंगे। साध्वी पूर्णिमा, हेमंत ठाकुर, कृष्णा शर्मा व राजन कौशिक आदि भक्ति रस की अविरल धारा बहाएंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### रॉयल ग्रीन रियल्टी को मिला गेम चेंजर अवॉर्ड

**बहादुरगढ़।** रियल एस्टेट क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रही रॉयल ग्रीन रियल्टी के प्रबंध निदेशक यशांक वासन और डायरेक्टर वरुण मखीजा को प्रतिष्ठित यंग गेम चेंजर ऑफ इंडियन रियल्टी-2025 अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इससे पहले भी रॉयल ग्रीन रियल्टी को बेस्ट इमर्जिंग रियल एस्टेट डेवलपर और इंटीग्रेटेड टाउनशिप ऑफ द ईयर जैसे पुरस्कार मिल चुके हैं। बता दें कि कंपनी हरियाणा और मध्यप्रदेश में अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने के लिए करीब 800 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। बहादुरगढ़ में 42 एकड़ में फैले रॉयल ग्रीन काउंटी प्रोजेक्ट का निर्माण किया गया।



### योगी आदित्यनाथ से मिले डूसू अध्यक्ष आर्यन मान

**बहादुरगढ़।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के अध्यक्ष आर्यन मान ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। बैठक के दौरान दोनों के बीच युवाओं से जुड़ी नीतियों, शिक्षा व्यवस्था के सशक्तिकरण और राष्ट्रीय एकता में छात्रों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहादुरगढ़ निवासी आर्यन मान को छात्र नेतृत्व में सकारात्मक पहल और युवा समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। आर्यन मान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को दिल्ली विश्वविद्यालय की वर्तमान गतिविधियों और छात्र हितों से जुड़े मुद्दों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग देश की प्रगति की रीढ़ है और डूसू हमेशा छात्रों की आवाज को मजबूती से आगे रखेगा।



### शतरंज प्रतियोगिता में पहले नंबर पर रही मीनल

**बहादुरगढ़।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में अंडर-11 लड़कियों की शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 4 राउंड खेले गए, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने शतरंज के प्रति अपनी गहरी रुचि और समर्पण का प्रदर्शन किया। सैनिक पब्लिक स्कूल बहादुरगढ़ की मीनल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 में से 4 अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। न्यूटन स्कूल झज्जर की निकिता सैनी ने द्वितीय स्थान और साची ने तृतीय स्थान हासिल किया। जितिका ने चौथा और त्रिशा ने 5वां स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में डीपीई वैभव भाटिया, पीटीआई नीलम चोपड़ा, संदीप निमावत, डीपीई कप्तान आदि उपस्थित रहे।



### दो बाइकों की टक्कर में एक चालक गंभीर

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल के निकट वेस्ट जुआं ड्रेन रोड पर दो बाइकों की टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दूधिया गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान जयप्रकाश के रूप में हुई है। जयप्रकाश गांव आसौदा टोडराण का रहने वाला है। वह शहरी क्षेत्र में दूध सप्लाई करता है। जानकारी के अनुसार, सुबह वह बाइक पर दूध लेकर अपने गांव से बहादुरगढ़ के लिए निकला। जब सांखोल के निकट ड्रेन रोड पर पहुंचा तो एक बाइक के साथ टक्कर हो गई। हादसे में उसे गंभीर चोट आई। राहगीरों ने उसको नागरिक अस्पताल में ले गए।

## उपलब्धि — दिल्ली कैंट में हुई प्रतियोगिता में छाए हमारे धावक

# शौर्यवीर रन और नोएडा दौड़ में जीते बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावक

हाफ मैराथन में कर्नल कृष्ण बधवार, सन्नी और सोनिया राणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दिल्ली कैंट में शौर्यवीर रन का आयोजन किया गया। जिसमें बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के 90 धावकों ने भाग लिया। ग्रुप के कई धावकों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पोडियम फिनिश करते हुए हजारों के इनाम जीते। इसके अलावा एक्टिव नोएडा ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस रन में भी बीआरजी के धावकों का दबदबा रहा। बीआरजी फाउंडर दीपक छिल्लर ने बताया कि शौर्यवीर 21 किलोमीटर हाफ मैराथन में कर्नल कृष्ण बधवार ने 50–59 आयु वर्ग में प्रथम स्थान, सन्नी ने 30–39 आयु वर्ग में प्रथम स्थान, सोनिया राणा ने 40-49 आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दस किलोमीटर रन की ओपन कैटेगरी में सीमा रावत ने 37 हजार का इनाम जीता। धर्मवीर सैनी ने 50–59 आयु वर्ग डिफेंस में प्रथम स्थान, ब्रह्मप्रकाश ने द्वितीय स्थान, रणबीर सांगवान ने तृतीय स्थान और कृष्णा राणा ने 40 आयु वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। एंबेसडर के रूप में आमंत्रित दीपक छिल्लर और डॉ. किरण छिल्लर को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। रविंद्र दहिया, किरण अमृत कौर, नवीन, सत्यवान, राजेश, रोहतास सिंह, राजत, विजेंद्र, आशीष, कपिल, संजय भगत, वैभव तनेजा आदि ने दौड़ पूरी की।



बहादुरगढ़। शौर्यवीर रन में जीतने के बाद बीआरजी के धावक। *फोटो : हरिभूमि*

### गुलाब सिंह रहे प्रथम

एक्टिव नोएडा ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस रन के चौथे संस्करण में भी बीआरजी के 20 धावकों ने शानदार प्रदर्शन किया। दस किलोमीटर में गुलाब सिंह ने प्रथम स्थान, नसीब चंद ने द्वितीय स्थान, 5 किलोमीटर में राजेश कुमार ने प्रथम स्थान, राकेश कुमार छाबड़ा ने द्वितीय स्थान, आकाश मिश्रा और शमशेर सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।